# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 22/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक बक्से में, रेफ्रिजरेटर कवर और वॉशिंग मशीन कवर 7 : 11 के अनुपात में हैं। यदि वॉशिंग मशीन कवर 660 हैं, तो रेफ्रिजरेटर कवर कितने हैं?

**Ans** A). 420 B). 430 C). 410 D). 400

**Correct Answer: A**

**Q.2** ऐल्कोहॉल और पानी के 85 लीटर मिश्रण में 20% पानी है। इस मिश्रण में कितना पानी (लीटर में) मिलाना होगा ताकि परिणामी मिश्रण में पानी की मात्रा 25% हो जाए?

**Ans** A). $6\frac{1}{3}$ B). $4\frac{1}{3}$ C). $3\frac{2}{3}$ D). $5\frac{2}{3}$

**Correct Answer: D**

**Q.3** 4 वर्षों के लिए 9% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1020 B). 1120 C). 1080 D). 1040


**Correct Answer: C**

**Q.4** एक व्यापारी के लिए एक टेलीविजन का क्रय मूल्य ₹20,500 है। वह इसका अंकित मूल्य ₹24,000 निर्धारित करता है और 15% की छूट देता है। वह नकद भुगतान करने पर 5% की अतिरिक्त छूट भी देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). हानि $5\frac{1}{4}\%$ B). हानि $5\frac{19}{41}\%$ C). लाभ $5\frac{19}{14}\%$ D). लाभ $5\frac{9}{4}\%$

**Correct Answer: B**

**Q.5** दिया गया बार ग्राफ वर्ष 2022 में 5 कंपनियों (A, B, C, D और E) की आय और व्यय (₹ लाख में) को दर्शाता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




संदर्भ: in ₹ lakh - लाख ₹ में, Companies - कंपनियाँ, Expenditure - व्यय, Income - आय

वर्ष 2022 में किस कंपनी ने अधिकतम प्रतिशत लाभ अर्जित किया?

**Ans** A). E B). D C). C D). B

**Correct Answer: B**

Q.6 आदित्य ने ₹21,500 में एक मोबाइल खरीदा और उसे ₹18,500 में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया में हानि प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 12.38% B). 10.69% C). 13.95% D). 11.25%

Correct Answer: C

Q.7 दी गई तालिका तीन वर्षों के दौरान चार संगठनों में कर्मचारियों की संख्या दर्शाती है।

| वर्ष / संगठन | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|
| A | 1560 | 1698 | 2285 |
| B | 1965 | 1281 | 1172 |
| C | 1385 | 1563 | 2190 |
| D | 1204 | 2146 | 2035 |

2023 में संगठन B, C और D में कर्मचारियों की औसत संख्या क्या है?

Ans A). 1799 B). 1520 C). 1898 D). 1678

Correct Answer: A

Q.8 एक खिलाड़ी द्वारा 22 पारियों में बनाए गए रनों का औसत 40 है। 23वीं पारी में उसे कितने रन बनाने चाहिए ताकि उसका औसत 6 रनों से बढ़ जाए?

Ans A). 158 रन B). 148 रन C). 178 रन D). 188 रन

Correct Answer: C

Q.9 दो किस्म की दालें हैं। किस्म 1 की दाल की कीमत ₹100 प्रति kg और किस्म 2 की दाल की कीमत ₹120 प्रति kg है। यदि दोनों दालों को 2 : 3 के अनुपात में मिलाया जाता है, तो इस मिश्रित दाल की प्रति kg कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹114 B). ₹112 C). ₹115 D). ₹110

Correct Answer: B

Q.10 42 संख्याओं का औसत 25 है और अन्य 28 संख्याओं का औसत 40 है। सभी संख्याओं का औसत कितना है?

Ans A). 30 B). 70 C). 31 D). 69

Correct Answer: C

Q.11 एक समचतुर्भुज का परिमाप 160 cm है और इसके एक विकर्ण की लंबाई 50 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). $280\sqrt{39}$ B). $175\sqrt{39}$ C). $250\sqrt{39}$ D). $300\sqrt{39}$

Correct Answer: C

Q.12 एक रेफ्रिजरेटर निर्माता प्रत्येक रेफ्रिजरेटर को ₹17,250 में बेचकर 15% का लाभ अर्जित करता है। यदि उत्पादन लागत 18% बढ़ जाती है, तो 18% का लाभ अर्जित करने के लिए रेफ्रिजरेटर का विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए?

Ans A). ₹34,086 B). ₹19,094 C). ₹20,886 D). ₹21,032

Correct Answer: C

Q.13 A, 8% वार्षिक साधारण ब्याज पर 4 वर्षों के लिए ₹7,500 उधार लेता है। B पहले वर्ष के लिए 9%, दूसरे वर्ष के लिए 10% और अगले दो वर्षों के लिए 6% की दर से साधारण ब्याज पर समान राशि उधार लेता है। A और B ने कुल कितने ब्याज (₹ में) का भुगतान किया?

Ans A). 4,545 B). 4,725 C). 4,175 D). 4,275

Correct Answer: B

Q.14 एक बेलनाकार ट्यूब ,जो दोनों सिरों पर खुली है ,एक धातु से बनी है। ट्यूब का आंतरिक व्यास 12 cm है ,और इसकी लंबाई 35 cm है। धातु की मोटाई सर्वत्र 2 cm है। धातु की ट्यूब का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 3696 B). 3854 C). 3256 D). 3145

Correct Answer: C

**Q.15** जब किसी संख्या के 80% को 80 में जोड़ा जाता है, तो परिणामस्वरूप वही संख्या प्राप्त हो जाती है। संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 400 B). 320 C). 420 D). 380 **Correct Answer: A**

**Q.16** संख्याओं 216, 360 और 504 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 252 B). 180 C). 72 D). 108 **Correct Answer: C**

**Q.17** किस राशि (₹ में) पर 8% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 4 वर्षों में ₹240 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 1000 B). 1500 C). 750 D). 375 **Correct Answer: C**

**Q.18** किसी लंब वृत्तीय शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $704\ cm^2$ है। यदि शंकु की त्रिज्या $7\ cm$ है, तो तिर्यक ऊंचाई की लंबाई ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 25 cm B). 17.5 cm C). 31.5 cm D). 19 cm **Correct Answer: A**

**Q.19** शाम की गश्त के दौरान, एक पुलिसकर्मी ने 200 m की दूरी पर एक चोर को एक महिला का मोबाइल फोन छीनते हुए देखा। चोर 15 km/hr की चाल से दौड़ना शुरू करता है। यदि पुलिसकर्मी 16 km/hr की चाल से उसका पीछा कर रहा है, तो चोर को पकड़ने में उसे कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 18 मिनट B). 30 मिनट C). 24 मिनट D). 12 मिनट **Correct Answer: D**

**Q.20** P, Q और R एक गोलाकार ट्रैक के चारों ओर दौड़ना शुरू करते हैं और क्रमशः 18, 22 और 30 सेकंड में एक चक्कर पूरा करते हैं। वे कितने समय बाद प्रारंभिक बिंदु पर फिर से मिलेंगे?

**Ans** A). 11 मिनट 50 सेकंड B). 16 मिनट 30 सेकंड C). 11 मिनट 30 सेकंड D). 16 मिनट 50 सेकंड **Correct Answer: B**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


**Q.1** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '−' और '÷' को भी आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**14 ÷ 12 − 2 + 2 × 16 = ?**

**Ans** A). 20 B). 24 C). 18 D). 42 **Correct Answer: C**


**Q.2** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर UKCT एक निश्चित प्रकार से QGYP से संबंधित है। उसी प्रकार, LPBR, HLXN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DGYJ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


**Ans** A). ZBSF B). ZCUF C). XBUF D). YCSE **Correct Answer: B**


**Q.3** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे ? के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

**Q.4** निम्नलिखित श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए:
**B2, C3, E5, G7, __, M13, Q17.**

**Ans** A). I10 B). J10 C). K11 D). H7 **Correct Answer: C**

**Q.5** एक निश्चित कूट भाषा में, 'COPY' को '2465' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'PLAN' को '3759' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूटभाषा में 'P' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 3 B). 6 C). 7 D). 5 **Correct Answer: D**


**Q.6** **किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MELT' को '6284' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TUNE' को '9758' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'T' के लिए क्या कूट होगा?**

**Ans** A). 4 B). 5 C). 9 D). 8

**Correct Answer: D**

---

**Q.7** **दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।**




**Ans** A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.8** **एक निश्चित कूट भाषा में 'SANE' को '5168' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GOAT' को '6437' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?**

**Ans** A). 5 B). 1 C). 3 D). 6

**Correct Answer: D**

---

**Q.9** **DG 25 एक निश्चित प्रकार से FH 21 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार GI 19, IJ 15 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MI 24 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

**Ans** A). PO 20 B). PJ 20 C). OJ 20 D). OK 20

**Correct Answer: C**

---

**Q.10** **निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?**

**5, 15, 45, 135, 405, ?**

**Ans** A). 1125 B). 1255 C). 1315 D). 1215

**Correct Answer: D**

---

**Q.11** **निम्नलिखित समीकरण में यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?**

**3 – 2 ÷ 8 × 4 + 2 = ?**

**Ans** A). 17 B). 5 C). 8 D). 14

**Correct Answer: B**

---

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIFE' को '5289' लिखा जाता है और 'FINE' को '9758' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'N' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). 5 B). 2 C). 8 D). 7

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** **उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।**

**(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)**

**(8, 24, 12)**

**(16, 20, 5)**

**Ans** A). (19, 57, 12) B). (21, 88, 16) C). (13, 24, 8) D). (17, 75, 18)

**Correct Answer: A**

**Q.14** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।


(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 40, 7)
(12, 65, 5)


**Ans** A). (9, 41,5) B). (2, 10, 3) C). (6, 24, 2) D). (3, 14, 3)


**Correct Answer: D**


**Q.15** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.16** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ आलू, टमाटर हैं।
कोई टमाटर, प्याज नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ टमाटर, आलू हो सकते हैं।
(II) कोई आलू ,प्याज नहीं है।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं


**Correct Answer: B**

**Q.17** इस प्रश्न में दो कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी जग, नल हैं।
कुछ नल, टोपियां हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ नल, जग हैं।
(II) सभी टोपियां, जग हैं।


**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है


**Correct Answer: D**


**Q.18** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.19** I, J, K, L, M, N और O एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। J, I के दाएँ से चौथे स्थान पर बैठा है। K, J के ठीक दाएँ बैठा है। L, I के ठीक दाएँ बैठा है। N, M के बाएँ से चौथे स्थान पर बैठा है। M, K का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O के दाएँ से गिनने पर O और N के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 2 B). 4 C). 5 D). 3

**Correct Answer: D**

**Q.20** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। A के दायीं ओर से गिनने पर A और B के बीच में ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। G के बायीं ओर से गिनने पर D और G के बीच में ठीक दो व्यक्ति बैठे हैं। B, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D, B के ठीक बायीं ओर बैठा है। E के दायीं ओर से गिनने पर E और F के बीच में ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। B और E निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। E के दायीं ओर से गिनने पर E और G के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 4 B). 1 C). 3 D). 2

**Correct Answer: A**

## Section : General Awareness

**Q.1** निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत, महिला एशिया कप एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का मेजबान था?

**Ans** A). 2004 B). 2007 C). 2005 D). 2006

**Correct Answer: D**

**Q.2** अप्रैल 2023 में, केंद्र द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (National Technical Research Organisation - NTRO) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**Ans** A). अनिल धस्माना B). अजित डोभाल C). अरविंद कुमार D). अरुण सिन्हा

**Correct Answer: D**

**Q.3** जब प्रोटीन युक्त श्लेषी (gelatinous) अंडे की सफेदी को गर्म किया जाता है, तो यह _____ के कारण ठोस सफेद रंग में बदल जाती है।

**Ans** A). ग्लूटेन निर्माण (Gluten Formation) B). प्रोटीन विकृतीकरण (Protein Denaturation) C). पायसीकरण (Emulsification) D). किण्वन (Fermentation)

**Correct Answer: B**

**Q.4** प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यास 'एम एंड द बिग हूम (Em and the Big Hoom)' _______ द्वारा लिखा गया है।

**Ans** A). एस्थर डेविड B). शशि थरूर C). अमिताव घोष D). जैरी पिंटो

**Correct Answer: D**

**Q.5** निम्नलिखित में से किस राज्य में काल बैसाखी (Nor Westers) को 'बरदोइशिला (Bardoisila)' के नाम से जाना जाता है?

**Ans** A). ओडिशा B). गोवा C). बिहार D). असम

**Correct Answer: D**

**Q.6** इनमें से कौन-सा मौसम का एक घटक नहीं है?

**Ans** A). पौधे B). तापमान C). वर्षा D). आर्द्रता

**Correct Answer: A**

**Q.7** केंद्रीय बजट 2023-24 में, अर्थव्यवस्था के निम्न कार्बन तीव्रता (low carbon intensity) की ओर बदलाव को सुगम बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन मिशन (Green Hydrogen Mission) के अंतर्गत 5 MMT का वार्षिक उत्पादन वर्ष ________ तक लक्षित किया जाना है।

**Ans** A). 2023 B). 2030 C). 2032 D). 2027

**Correct Answer: B**

**Q.8** पद्मश्री 2023 से सम्मानित उषा बारले (Usha Barle) प्रसिद्ध रूप से संगीत की किस शैली से संबंधित हैं?

**Ans** A). लावणी (Lavani) B). कजरी (Kajari) C). पणिहारी (Panihari) D). पंडवानी (Pandwani)

**Correct Answer: D**

**Q.9** पद्म पुरस्कारों के संदर्भ में सही कथन की पहचान कीजिए।

Ans A). एक वर्ष में दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों की कुल संख्या 150 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

B). पद्म पुरस्कार का उपयोग पुरस्कार विजेता के नाम के आगे प्रत्यय या उपसर्ग के रूप में किया जा सकता है

C). पुरस्कार विजेताओं के नाम कभी भी भारत के राजपत्र में प्रकाशित नहीं होते हैं।

D). पद्म पुरस्कार वर्ष में एक बार दिए जाते हैं।

Correct Answer: D

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्व प्राप्ति का एक घटक नहीं है?

Ans A). संपत्ति के पंजीकरण के लिए भुगतान किया जाने वाला शुल्क B). जी. एस. टी. C). यूनेस्को द्वारा प्राप्त अनुदान D). विश्व बैंक से ऋण पर ली गई राशि

Correct Answer: D

**Q.11** वैदिक ऋचाओं (Vedic hymns) या 'मंत्रों' के संग्रह को क्या कहा जाता है?

Ans A). उपनिषद (Upanishad) B). श्रुति (Shruti) C). संहिता (Samhita) D). स्मृति (Smriti)

Correct Answer: C

**Q.12** एम.ए.चिदंबरम स्टेडियम निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में स्थित है?

Ans A). केरल B). तमिलनाडु C). कर्नाटक D). पश्चिम बंगाल

Correct Answer: B

**Q.13** कृषि और पशुपालन का संगठन, भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में शामिल है?

Ans A). अनुच्छेद 48 B). अनुच्छेद 46 C). अनुच्छेद 45 D). अनुच्छेद 47

Correct Answer: A

**Q.14** 0.25 g कार्बनिक यौगिक को धूम नाइट्रिक अम्ल (fuming nitric acid) के बाद, $AgNO_3$ के साथ उपचारित करने पर 0.22 g, AgBr प्राप्त होता है। यौगिक में ब्रोमीन (bromine) का प्रतिशत ______ है।

Ans A). 37.45% B). 88.00% C). 34.04% D). 50.00%

Correct Answer: A

**Q.15** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, केरल में जनसंख्या वृद्धि दर क्या थी?

Ans A). 15.01% B). 4.91% C). 12.65% D). 8.10%

Correct Answer: B

**Q.16** भारतीय वन सेवा ______ में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 के तहत बनाई गई थी।

Ans A). 1060 B). 1957 C). 1966 D). 1954

Correct Answer: C

**Q.17** निम्नलिखित में से किस जीव का उपयोग ब्रेड और शराब उद्योगों में किया जाता है?

Ans A). क्लोस्ट्रीडियम (Clostridium) B). ख़मीर (Yeast) C). नाइट्रोबैक्टर (Nitrobacter) D). पेनिसिलियम (Penicillium)

Correct Answer: B

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय उपमहाद्वीप में प्रथम उद्यान-मकबरे (garden-tomb) का एक उदाहरण है?

Ans A). सफदरजंग का मकबरा B). एत्मादुद्दौला का मकबरा C). तानसेन का मकबरा D). हुमायूँ का मकबरा

Correct Answer: D

**Q.19** बतुकम्मा उत्सव (Bathukamma festival) निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans A). छत्तीसगढ़ B). मणिपुर C). उत्तर प्रदेश D). तेलंगाना

Correct Answer: D

**Q.20** भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, मानव-श्रम (workforce) का कितना प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में कार्यरत है?

Ans A). 65.3% B). 48.9% C). 54.6% D). 45.8%

Correct Answer: C

**Q.21** भारत में प्रधानमंत्री ________ होता है।

Ans A). सशस्त्र बलों का सर्वोच्च कमांडर B). वास्तविक कार्यपालक C). नाममात्र का कार्यपालक D). न्यायपालिका प्रमुख

Correct Answer: B

**Q.22** अलार्मेल वल्ली (Alarmel Valli) निम्नलिखित में से किस नृत्य से जुड़ी थीं?

Ans A). भरतनाट्यम B). ओडिसी C). कथक D). मणिपुरी

Correct Answer: A

**Q.23** रानी की वाव (Rani ki Vav) एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्मारक है, जो निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

Ans A). हरियाणा B). गुजरात C). महाराष्ट्र D). कर्नाटक

Correct Answer: B

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/हैं?
A) बालशास्त्री जांभेकर (Balshastri Jambhekar) ने 1832 में पहला एंग्लो-मराठा समाचार पत्र - 'दर्पण (Durpun)' शुरू किया।
B) उन्हें मराठी पत्रकारिता के जनक के रूप में याद किया जाता है।
C) बालशास्त्री जांभेकर ने 1840 में पहली मराठी मासिक पत्रिका - 'दिग्दर्शन (Digdurshun)' प्रकाशित की।

Ans A). A, B और C B). A और B दोनों C). केवल A D). केवल B

Correct Answer: A

Q.25 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर (प्रतिशत में) कितनी थी?

Ans A). 1.64% B). 2.22% C). 2.16% D). 1.97%

Correct Answer: A

## Section : English Language and Comprehension

Q.1 **Read the following sentence and select its future tense form from the options given below:**
**Sarah and Fidha entered into an agreement to share the resources that are currently accessible.**

Ans A). Sarah and Fidha had entered into an agreement to share the resources that are currently accessible.
B). Sarah and Fidha will enter into an agreement to share the resources that are currently accessible.
C). Sarah and Fidha were entered into an agreement to share the resources that are currently accessible.
D). Sarah and Fidha are entering into an agreement to share the resources that are currently accessible.

Correct Answer: B

Q.2 **In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**Mary is the quieter student of the class.**

Ans A). more quiet B). quiet C). quietest D). most quiet

Correct Answer: C

Q.3 **Select the most appropriate ANTONYM of the bracketed word in the sentence given below.**

**Surrounded by lush greenery, the house stood _____________ (submissively) atop a hill.**

Ans A). Civilly B). Proudly C). Magically D). Silently

Correct Answer: B

Q.4 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Callous**

Ans A). Beguile B). Augment C). Desolate D). Tender

Correct Answer: D

Q.5 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Tranquil**

Ans A). Unquiet B). Composed C). Serene D). Shabby

Correct Answer: A

Q.6 **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Shebna decided to take a break in social media, but she found it difficult to disconnect completely.**

Ans A). a break up social media B). a break from social media C). a break of social media D). a break down social media

Correct Answer: B

Q.7 **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains a grammatical error.**

**Ms. Malathi is old much to join a college now.**

Ans A). a college now B). old much C). to join D). Ms. Malathi is

Correct Answer: B

Q.8 **In the given sentence, one of the four underlined words is incorrectly spelt. Identify the INCORRECTLY spelt word.**

**She dabbled in drawing and painting, but scalpture was her favourite medium.**

Ans A). drawing B). favourite C). dabbled D). scalpture

Correct Answer: D

Q.9 **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**She was a ________, ________ __________astronaut.**

Ans A). tall, Indian, smart B). tall, smart, Indian C). smart, Indian, tall D). smart, tall, Indian

Correct Answer: D

Q.10 **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**I couldn't believe how _______ the math problem was; it took me hours to solve it.**

Ans A). good B). easily C). simply D). complicated

Correct Answer: D

**Q.11** **Select the correct spelling to fill in the blank.**

**Wedding is an auspicious _______ for all.**

**Ans** A). occation B). occasion C). ocassion D). occassion **Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the most appropriate synonym for the given word.**
**Species**

**Ans** A). Whole B). Type C). Detail D). Multiply **Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the correct indefinite article to fill in the blank.**

**My neighbour is ______ passionate photographer.**

**Ans** A). one B). the C). a D). an **Correct Answer: C**

**Q.14** **Identify the word with a spelling error in the following sentence. Select the option that correctly rectifies the error.**
**In Shakespeare's play 'Hamlet', Hamlet's flaw is defined as procrustineition.**

**Ans** A). pracrostination B). procristineition C). procrustination D). procrastination **Correct Answer: D**

**Q.15** **Select the sentence with the most appropriate comparative degree.**

**Ans** A). She is the talentedest musician in the orchestra. B). She is more talented musician in the orchestra. C). She is the most talented musician in the orchestra. D). She is the talent of all musicians in the orchestra. **Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Commence**

**Ans** A). Escort B). Start C). Exert D). Subvert **Correct Answer: B**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**When Mr. Bhanot was told a few years back that he needed to lose _____ or face health problems, he transformed his life with the _________ of a personal trainer.**

**Ans** A). wait; assistance B). patience; guidance C). money; instructions D). weight; help **Correct Answer: D**

**Q.18** **Based on the situation in the sentence, choose the most appropriate idiom to fill in the blank.**
**You cannot _________________ before replicating your successes and achievements multiple times; otherwise, people will deem your success a stroke of dumb luck.**

**Ans** A). sit on the fence B). cut to the chase C). rest on your laurels D). play devil's advocate **Correct Answer: C**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Confession is good for the soul ________________ after the soul has been claimed.**

**Ans** A). since B). still C). even D). though **Correct Answer: C**

**Q.20** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Let the cat out of the bag**

**Ans** A). To buy a cat and a bag B). To release a cat out of a bag C). To not allow a cat into the bag D). To reveal a secret **Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Education is fundamental for achieving full human potential, developing an equitable and (1)__________ society, and promoting national development. Providing universal (2)__________ quality education is the key to India's continued ascent, and leadership on the global stage in terms of economic growth, social justice and equality, scientific advancement, national integration, and cultural preservation. Universal high-quality education is the best way (3)__________ for developing and maximising our country's rich talents and resources for the good (4)__________ the individual, the society, the country and the world. India (5)___________ the highest population of young people in the world over the next decade, and our ability to provide high-quality educational opportunities to them will determine the future of our country.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). just B). more C). such D). much **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Education is fundamental for achieving full human potential, developing an equitable and (1)__________ society, and promoting national development. Providing universal (2)__________ quality education is the key to India's continued ascent, and leadership on the global stage in terms of economic growth, social justice and equality, scientific advancement, national integration, and cultural preservation. Universal high-quality education is the best way (3)__________ for developing and maximising our country's rich talents and resources for the good (4)__________ the individual, the society, the country and the world. India (5)___________ the highest population of young people in the world over the next decade, and our ability to provide high-quality educational opportunities to them will determine the future of our country.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). access for B). access to C). access at D). access from

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Education is fundamental for achieving full human potential, developing an equitable and (1)__________ society, and promoting national development. Providing universal (2)__________ quality education is the key to India's continued ascent, and leadership on the global stage in terms of economic growth, social justice and equality, scientific advancement, national integration, and cultural preservation. Universal high-quality education is the best way (3)__________ for developing and maximising our country's rich talents and resources for the good (4)__________ the individual, the society, the country and the world. India (5)___________ the highest population of young people in the world over the next decade, and our ability to provide high-quality educational opportunities to them will determine the future of our country.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). outcome B). output C). forward D). result

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Education is fundamental for achieving full human potential, developing an equitable and (1)__________ society, and promoting national development. Providing universal (2)__________ quality education is the key to India's continued ascent, and leadership on the global stage in terms of economic growth, social justice and equality, scientific advancement, national integration, and cultural preservation. Universal high-quality education is the best way (3)__________ for developing and maximising our country's rich talents and resources for the good (4)__________ the individual, the society, the country and the world. India (5)___________ the highest population of young people in the world over the next decade, and our ability to provide high-quality educational opportunities to them will determine the future of our country.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). of B). from C). for D). at

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Education is fundamental for achieving full human potential, developing an equitable and (1)__________ society, and promoting national development. Providing universal (2)__________ quality education is the key to India's continued ascent, and leadership on the global stage in terms of economic growth, social justice and equality, scientific advancement, national integration, and cultural preservation. Universal high-quality education is the best way (3)__________ for developing and maximising our country's rich talents and resources for the good (4)__________ the individual, the society, the country and the world. India (5)___________ the highest population of young people in the world over the next decade, and our ability to provide high-quality educational opportunities to them will determine the future of our country.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). might had B). can has C). will have D). were having

**Correct Answer: C**